आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 06.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष रूप से बच्चों के लिए कफ सिरप का विवेक संगत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा।
- आईआईटी रुड़की में अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघ की बारहवीं वैज्ञानिक कॉन्फ्रेंस शुरू। 40 देशों के 700 से अधिक वैज्ञानिक ले रहे हैं भाग।
- चमोली जिले में होम स्टे योजना, युवाओं के बेहतर स्वरोजगार का जरिया बन रही है।
- सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत रुद्रप्रयाग में जिला स्तरीय अधिकारियों की 15 टीमें गठित। 45 अलग–अलग ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगी।

कफ सिरप

केन्द्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कफ सिरप का विवेकसम्मत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। केन्द्र ने कहा कि सामान्य खांसी के लिए किसी अलग औषधि की आवश्यकता नहीं होती, यह अपने आप ठीक हो जाती है।

आईआईटी रुड़की

आईआईटी रुड़की में अंतर्राष्ट्रीय जलविज्ञान संघ की बारहवीं वैज्ञानिक कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हो गई है। छह दिनों तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में 40 देशों के 700 से अधिक वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने कहा कि उत्तराखंड के लिहाज से यह अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस वैज्ञानिकों के लिए न सिर्फ जल संकट के समाधान की दिशा में मददगार साबित होगी, बल्कि देशों के बीच वैज्ञानिक सहयोग और ज्ञान साझा करने का भी मार्ग प्रशस्त करेंगी।

आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर के.के पंत ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में पानी की समस्या, जलविज्ञान से जुड़े शोध, भूस्खलन, भूकम्प और जल प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की जाएगी।

## विशेष ट्रेन

मुरादाबाद रेल मंडल की पहल पर बिहार के राजगीर से हरिद्वार के बीच त्यौहारी सीजन पर 10 अक्तूबर से विशेष ट्रेन चलेगी। यह साप्ताहिक ट्रेन होगी, जो 26 दिसंबर तक जारी रहेगी। मुरादाबाद रेल मंडल प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार रेलवे, पर्वों के मौके पर यात्रियों को राहत देने के लिए त्योहारी स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसके तहत राजगीर से हर शुक्रवार को चलने वाली फेस्टविल ट्रेन 10 अक्तूबर से प्रारंभ होगी। वापसी में हरिद्वार से राजगीर के लिए विशेष ट्रेन, 11 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 27 दिसंबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि इस विशेष फेस्टिवल ट्रेन के 12–12 फेरे होंगे। यह ट्रेन हरिद्वार से चलकर मुरादाबाद मंडल के लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली और शाहजहांपुर स्टेशन पर रुकेगी।

## होम स्टे

चमोली जिले में पर्यटन विभाग की ओर से संचालित होम स्टे योजना, युवाओं के बेहतर स्वरोजगार का जरिया बन रही है। इससे पलायन पर प्रभावी रोक तो लग ही रही है, साथ ही युवा अपने ही घर पर ही अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। पर्यटन विभाग की ओर से राज्य में घरों पर ही पर्यटकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्माण और रख–रखाव के लिए अनुदान की व्यवस्था की गई। इसके तहत चमोली जिले में वर्ष 2018 से अब तक 169 लोगों ने होमस्टे बनाए हैं। जिले की दूरस्थ उर्गम घाटी, वाण, जोशीमठ, बदरीनाथ धाम और बेनीताल समेत अन्य पर्यटक और तीर्थ स्थलों के समीप और यात्रा मार्गों पर युवाओं की ओर से होमस्टे का संचालन किया जा रहा है। योजना के संचालन से जहां युवाओं को घर पर स्वरोजगार मिल रहा है, वहीं पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को आवासीय सुविधा भी मिल रही है। जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि सरकार की ओर से 50 प्रतिशत अनुदान के साथ लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। ब्याज पर ही सालाना डेढ लाख रुपए तक की धनराशि लाभार्थियों को दी जा रही है।

## सरकार जनता के द्वार

रुद्रप्रयाग जिले में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक करेगी। इस दौरान अधिकारी स्थलीय भ्रमण करने के साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित करेंगे, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में जिला स्तरीय अधिकारियों की 15 टीमें गठित की गई हैं, जो 45 अलग–अलग ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगी। इस संबंध में अक्टूबर महीने के लिए रोस्टर जारी कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि स्थानीय स्तर पर ही ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को अलग–अलग ग्राम पंचायतें आवंटित की गई हैं।

<u>ड्रग्स जागरूकता रैली</u>

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशों के क्रम में और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत के तत्वावधान में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली, गोलू देवता मंदिर से नगर के मुख्य बाजार होते हुए बस स्टेशन तक निकाली गई, जिसमें चम्पावत और लोहाघाट के सभी प्रो–बोनो पीएलवी, अधिवक्ता, स्वयंसेवी संगठन, विद्यालयों के छात्र–छात्राएं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भवदीप रावते ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों, संबंधित कानूनी प्रावधानों और पुनर्वास योजनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक कराना है।